हाईकोर्ट ने आबकारी सहायक आयुक्त संजीव कुमार दुबे एवं जबलपुर एसपी से पूछा

# किस कानूनी प्रावधान के तहत दुकान को किया सील



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने आबकारी सहायक आयुक्त संजीव कुमार दुबे एवं जबलपुर एसपी से पूछा है कि किस कानूनी प्रावधान के तहत कछपुरा ब्रिज के सामने, स्नेह नगर स्थित दुकान को सील कर दिया गया। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने दोनों अधिकारियों को हलफनामे पर जवाब पेश करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि दुकान को तत्काल खोलें। मामले पर अगली सुनवाई 11 मई को होगी।

जबलपुर निवासी विवेक त्रिपाठी की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने बताया कि एक शिकायत पर स्थानीय पुलिस की मदद से आबकारी अधिकारियों ने याचिकाकर्ता की दुकान सील कर दी। कार्रवाई के पहले नोटिस भी नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में सीसीटीवी फुटेज भी पेश किए। कोर्ट ने निर्देश पर आबकारी उप-निरीक्षक रवि शंकर मरावी ने उपस्थित होकर बताया कि सहायक आयुक्त आबकारी के मौखिक आदेश पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। कोर्ट के पूछने पर शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि आबकारी अधिनियम या बीएनएसएस के अंतर्गत परिसर को सील करने का कोई प्रावधान नहीं है। बताया गया कि आबकारी अधिकारियों को सूचना मिली थी कि दुकान एक शराब लाइसेंसी को दी जा रही है, इसलिए कानून-व्यवस्था भंग होने की आशंका के कारण दुकान को सील कर दिया गया। कोर्ट ने नाराजगी उक्त अधिकारियों को शपथ पत्र पर जवाब पेश करने के निर्देश दिए।



## शादी का झांसा देकर युवती का किया दैहिक शोषण

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में एक युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उसका दैहिक शोषण किया और बाद में शादी से मुकर गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने युवती के साथ जल्द ही विवाह करने का वादा किया था। इसी वादे के झांसे में आकर युवती ने सूर्यांश पर भरोसा किया। आरोपी सूर्यांश पिछले 3-4 महीनों से लगातार युवती के साथ शारीरिक शोषण कर रहा था बाद में शादी से मुकर गया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

तापमान में गिरावट, हल्की वर्षा की संभावना

# बादलों और बूंदाबांदी के बीच उमस भड़की



**जबलपुर।** मौसम के मिजाज तल्ख बने हुये हैं। बादलों की आमद के बीच बुधवार को पारा 37 डिग्री के पार निकल गया और दिन में भीषण गर्मी और रात को उमस भरी गर्मी का माहौल बना रहा। बुधवार की शाम आसमान बादलों ने ढंक लिया था। बादलों की वजह से गर्मी के साथ-साथ उमस भी बढ़ गई थी। मौसम विभाग का कहना है कि राजस्थान से लेकर उड़ीसा तक बनी द्रोणिका (हवा के कम दबाव की रेखा) के कारण बादल आ रहे हैं और धूल भरी आंधी चल रही है। लो प्रेशर बना है, लेकिन प्रभावी नहीं है। अगले 24 घंटे के दौरान कुछ स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान से आये चक्रवात की वजह से पूर्वी और पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिससे बूंदाबांदी की संभावना बरकरार है बादलों की वजह और हवाओं की रफ्तार कम होने से उमस भरी गर्मी बनी हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 37.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 59 प्रतिशत और सायंकाल 18 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.33 पर और सूर्यास्त शाम 6.40 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 42.0 डिग्री तापमान खरगौन में दर्ज किया गया। उत्तर पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 37.06और न्यूनतम तापमान 20.06 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर धूल भरी आंधी के बीच बूंदाबांदी हो सकती है।

65-70 लाख का कैश मिसमैच!

## जबलपुर मेडिकल कॉलेज में फीस को लेकर अनियमितता के आरोप



**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में फीस की राशि को लेकर गंभीर अनियमितता के आरोप लग रहे हैं। मरीजों और छात्रों से ली गई रकम में गड़बड़ी की बात सामने आ रही है। प्रारंभिक जांच में करीब 65 से 70 लाख रुपये का कैश मिसमैच बताया जा रहा है।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार अस्पताल के अलग-अलग काउंटरों पर पर्ची और अन्य शुल्क के रूप में नकद वसूली की जाती थी। इस राशि को बैंक में जमा करना संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी थी, लेकिन आरोप है कि वसूली गई रकम और बैंक में जमा राशि के बीच अंतर पाया गया है।

कॉलेज के डीन डॉ। नल अग्रवाल ने मामले को गंभीर बताया है। उन्होंने कहा कि यह अनियमितता साल 2020 से लगातार चलने की बात सामने आ रही है। संबंधित कर्मचारियों को शो-कॉज नोटिस जारी किए गए हैं और उनके जवाब प्राप्त हो चुके हैं। मामले की जांच के लिए एक स्थानीय समिति बनाई गई है, जिसकी रिपोर्ट अगले 2-3 दिनों में आने की संभावना है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। डीन ने बताया कि पुलिस को भी सूचना दे दी गई है और जांच रिपोर्ट के बाद एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। साथ ही संदिग्ध कर्मचारियों को उनके पदों से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पूरे मामले ने सरकारी संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

दुर्घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखकर विद्युत विभाग ने चलाया अभियान


# बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे से हटाये गए अतिक्रमण



**जबलपुर।** शहर में आज विद्युत महकमे द्वारा बिजली ट्रांसफार्मर और उनके आसपास बिजली के तारों के सघन जाल के नीचे से अतिक्रमण हटाने का बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। गर्मी और बरसात के मौसम में होने वाले हादसों को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। बिजली विभाग और प्रशासन ने मिलकर अब तक 70 स्थानों पर यह कार्रवाई की है। इस दौरान अवैध कब्जे को बहुत शांतिपूर्ण ढंग से हटाया गया है और जगह को सुरक्षित किया गया है ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता सिटी सर्किल संजय अरोरा ने बताया कि इस अभियान के तहत शहर के कई हिस्सों में कार्रवाई की गई है। 315 केवीए कटंगी रोड पर विशेष ध्यान दिया गया। अतिक्रमण हटाकर वहां तार लगाए गए हैं।रामपुर चौक पर ट्रांसफार्मर की डीपी पर अतिक्रमण किया गया था। वहां तार कटे हुए थे और इंसुलेशन भी खराब था। इसके अलावा बिरसा मुंडा चौक अधारताल में केशरी स्टोर्स के सामने ट्रांसफार्मर डीपी स्ट्रक्चर के नीचे अतिक्रमण कर लगाई गई एक चाय की दुकान को हटाया गया। इसके बाद वहां डीपी स्ट्रक्चर की फेसिंग का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ये कार्रवाई देर शाम तक जारी रहेगी।उल्लेखनीय है कि यह पूरी पहल जबलपुर के बिजली विभाग द्वारा की गई है। इस अभियान को सफल बनाने में वरिष्ठ अधिकारियों का पूरा सहयोग और मार्गदर्शन रहा है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन व चीफ इंजीनियर ए के गिरिया के निर्देशन में इस काम को अंजाम दिया जा रहा है।

बिजली लाइन सुधारते समय हुआ हादसा

# ऑउटसोर्स कर्मी गंभीर रूप से झुलस कर घायल



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मंडला सर्किल के महाराजपुर डीसी में एक बड़ा हादसा हो गया। गत शाम करीब 7 बजे 11 केवी लाइन का फॉल्ट सुधारते समय आउटसोर्स कर्मी जगन्नाथ परस्ते गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि ठेका कंपनी जीडी नकरानी के माध्यम से कार्य कर रहे जगन्नाथ डीपी पर जंपर लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक स्पार्क हुआ और उनके कपड़ों में आग लग गई। आग की चपेट में आने के बाद वे करीब 10 फीट ऊंचाई से नीचे गिर गए। मौके पर मौजूद साथियों ने तुरंत उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। हादसे में उनका पैर, पेट और पीठ बुरी तरह झुलस गए हैं। घटना के बाद तकनीकी कर्मचारी संघ ने नाराजगी जताई है। संघ के महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि लाइन को पहले ही परमिट लेकर बंद कराया गया था, फिर भी बिजली सप्लाई चालू कैसे हो गई, इसकी जांच होनी चाहिए। संघ के अन्य पदाधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन से मांग की है कि घायल कर्मी को तुरंत 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए, ताकि उसके इलाज में कोई परेशानी न हो।

## कृषक मित्र योजना में वित्तीय अनियमितता पर संविदा सहायक अभियंता की सेवा समाप्त

हरिभूमि .जबलपुर।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा "मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना" के क्रियान्वयन में पाई गई वित्तीय अनियमितताओं के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए सागर स्थित उपसंभाग-II में पदस्थ संविदा सहायक अभियंता अवनीश जरोलिया की संविदा सेवा समाप्त कर दी गई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री जरोलिया को एस.टी.सी. उपसंभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। योजना के अंतर्गत सामग्री आहरण एवं कार्यों के निष्पादन में अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त होने पर मुख्यालय स्तर से तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं उपलब्ध दस्तावेजों के परीक्षण में यह पाया गया कि कृषक मित्र योजना के तहत अनेक कार्यों के लिए बिना विधिवत कार्यादेश जारी हुए क्षेत्रीय भंडार, सागर से लगभग 73 लाख रुपये मूल्य की सामग्री का आहरण किया गया।

जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित अधिकारी द्वारा विभिन्न पदनामों का उपयोग करते हुए सामग्री आहरित की गई तथा कंपनी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं संविदा सेवा नियमों का पालन नहीं किया गया। कंपनी ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता एवं प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए संविदा सेवा (अनुबंध एवं सेवा की शर्तें) संशोधित नियम-2023 के अंतर्गत कार्रवाई की। कंपनी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या शासकीय योजनाओं में लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




बढ़ती मरीज संख्या के सामने व्यवस्थाएं कमजोर

# बेड और स्टॉफ की कमी से जूझ रहा मेडिकल अस्पताल



**जबलपुर।** महाकोशल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में एक तरफ सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत में स्टाफ और संसाधनों की कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। बढ़ती मरीजों की संख्या के मुकाबले अस्पताल की व्यवस्थाएं कमजोर पड़ती नजर आ रही हैं। अस्पताल की ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी के चलते मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई मरीज घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं, जिससे समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा।

### एक बेड पर दो मरीज

वार्डों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। बेड की कमी के कारण कई बार एक ही बेड पर दो मरीजों को रखना पड़ता है, वहीं कुछ मरीजों को फर्श पर इलाज कराना पड़ता है। इससे मरीजों और परिजनों की परेशानी बढ़ रही है। अस्पताल में नए वार्ड तो बनाए गए हैं, लेकिन वहां पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था नहीं हो पाई है। कई वार्डों में जरूरत के मुकाबले कम नर्सें और कर्मचारी तैनात हैं, जिससे मरीजों की देखभाल प्रभावित हो रही है।

### सफाई व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

अस्पताल की सफाई व्यवस्था को लेकर भी शिकायतें सामने आ रही हैं। वार्डों और शौचालयों में गंदगी के कारण मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे संक्रमण का खतरा भी बना रहता है।

### जांच के लिए लंबा इंतजार

एक्स-रे, सोनोग्राफी और अन्य जरूरी जांचों के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई बार मशीन खराब होने या तकनीकी स्टाफ की कमी के कारण जांच कार्य प्रभावित होता है। अस्पताल में सभी जरूरी दवाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। इससे खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

### प्रबंधन ने भेजा प्रस्ताव, सुधार का इंतजार

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे दबाव अधिक है। स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। मंजूरी मिलने के बाद व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। फिलहाल स्थिति यह है कि सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के दावों के बीच मरीजों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल बनाने कलेक्टर खुद मैदान में
# नागरिकों से मांगा सकारात्मक फीडबैक

**जबलपुर। शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में पहले पायदान पर पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम ने अपनी सक्रियता और बढ़ा दी है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह स्वयं मैदान में उतरकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और नागरिकों को जागरूक कर रहे हैं। स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अपनी गाड़ियों पर स्वच्छता फीडबैक स्टीकर चिपकाकर सकारात्मक संदेश दिया। इस पहल के माध्यम से उन्होंने बताया कि शहर की स्वच्छता केवल प्रशासन नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।**

कलेक्टर और निगमायुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता सर्वेक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सकारात्मक फीडबैक दें। उन्होंने कहा कि नागरिकों का एक-एक फीडबैक जबलपुर को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिला सकता है।प्रशासन द्वारा लगातार वार्डों और मुख्य मार्गों की सफाई व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। साथ ही नागरिकों को स्वच्छता ऐप और अन्य माध्यमों से फीडबैक देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि लक्ष्य केवल रैंकिंग सुधारना नहीं, बल्कि जबलपुर को देश का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनाना है। उन्होंने नागरिकों से डस्टबिन का उपयोग करने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस दौरान अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान और उपायुक्त संभव अयाची भी उपस्थित रहे।



## ब्लाक कांग्रेस ने केंडल मार्च निकालकर क्रूज दुर्घटना के दिवंगतों को अर्पित की श्रद्धांजली



**सिहोरा।** कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के तत्वाधान में अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम बरगी बांध में क्रूज हादसा के संबंध में ज्ञापन सौपा गया। जिसमें मांग की गई है की दोषी अधिकारियों एवं संबंधित जिम्मेदारों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने,मृतकों के परिजनों को एक करोड़ की सहायता राशि देने,सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाही सुनिश्चित करने,जबलपुर सीईओ को निलंबित करने के साथ डूबते हुए चार लोगों की जान बचाने वाले रमजान भाईजान को प्रोत्साहन राशि एवं सम्मान पत्र देने की मांग की गई है। सभी कांग्रेस जनों ने कैंडल मार्च निकालकर जय स्तंभ थाने के सामने दिवंगत आत्माओ की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बिहारी पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा राजेश चौबे सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी,प्रकाश कुररिया,लाल बहादुर पाठक,शिवकुमार गर्ग,संतोष पांडे, आलोक पांडे पार्षद रमेश पटेल, अरसद खान,मंसूर मंसूरी, राजेश पटेल,राहुल श्रीवास्तव, गणेश दाहिया, प्रभात कुररिया, प्रांजल शराफ़,डब्बू पाठक, नवनीत शुक्ला, संदीप शुक्ला, रमा चौरसिया, शंकर वंशकार,बिट्टू कुररिया, फैज आलम शाह,शेख साबिर, ओम नारायण श्रीवास्तव, पापे यादव,गिरधर सरावगी,शाजिद खान,लालजी पटेल,गुल्लू खान,स भाष ठाकुर,दिवाकर दुबे, अजीत विश्वकर्मा, दानिश कुरैशी,अयान अली, अकबर शाह, शेख महमूद भाईजान,शाकिर अली, राजेंद्र दाहिया,अंकित पटेल अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जांच के पूर्व में क्रूज को नष्ट करने का मामला
# क्रूज में अनिवार्य 4 स्ट्रोक इंजन नहीं था

### एनजीटी के आदेश में ऐसा इंजन होना अनिवार्य है

**जबलपुर।** बरगी डेम क्रूज में अनिवार्य 4 स्ट्रोक इंजन नहीं था, यदि ऐसे पावरफुल इंजन उसमें लगाये गये होते तो यह क्रूज आंधी में भी ठप नहीं पड़ता। वहीं एनजीटी के स्पष्ट आदेश हैं कि जलाशयों की नाव में 4 स्ट्रोक इंजन होना अनिवार्य है। इस आदेश से पर्दाफाश न हो इस कारण क्रूज को नष्ट कर जांच में अवरोध पैदा किया गया है। जनसंगठनों ने जांच के पूर्व में क्रूज को नष्ट करने के विरोध में प्रदर्शन किया तथा पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र लोधी को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने ओए 82/2022 पैरा 131 में 12 सितंबर 2023 को स्पष्ट आदेश दिये हैं कि जलाशयों जिन्हें वेट लैंड घोषित नहीं किया गया है (जैसे कि बरगी डेम जलाशय) उनमें अनिवार्य रूप से 4 स्ट्रोक इंजन के नाव संचालित किये जा सकती हैं।

एनजीटी ने बताया कि विश्व के तीन दर्जन देशों में ऐसी ही नाव का संचालन हो रहा है। क्या एक इंजन फेल था?क्रूज में दो में से एक इंजन फेल था, इस बावत सूक्ष्म जांच होना जरूरी है। प्रदर्शन में डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, टी.के. रायघटक, डी.के. सिंह, वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, डी.आर. लखेरा, पी.एस. राजपूत, जी.एस. सोनकर, अर्जुन कुमार, मोहन श्रीवास्तव, एन.के. नेमा, अशोक यादव, उमा दाहिया, एच. विश्वकर्मा, ओ.पी. पाण्डे, डी.के. चौबे, विध्यकुमार बड़गैया आदि शामिल थे।



# स्वच्छता के संकल्प में एकजुट हुई संस्कारधानी, जबलपुर को नंबर-1 बनाने का लिया प्रण

**जबलपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को देश में शीर्ष स्थान दिलाने के उद्देश्य से अब जनभागीदारी का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित स्वच्छता संवाद कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और कॉफी हाउस एसोसिएशन के सैकड़ों पदाधिकारियों ने भाग लेकर जबलपुर को नंबर-1 बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने घोषणा की कि स्वच्छता सर्वेक्षण में सकारात्मक फीडबैक देने वाले नागरिकों के लिए शहर के अस्पताल परिसरों में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे। चिकित्सकों ने स्वच्छता को स्वास्थ्य से जोड़ते हुए क्लीनिक और अस्पतालों में बेहतर कचरा प्रबंधन का आश्वासन दिया।




कॉफी हाउस एसोसिएशन सहित अन्य व्यापारिक संगठनों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करने और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। वहीं नगर निगम द्वारा संचालित थ्री-आर सेंटरों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को कचरा प्रबंधन और पुनः उपयोग की जानकारी दी जा रही है।

कार्यक्रम में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि जनभागीदारी से ही स्वच्छता अभियान जन-आंदोलन का रूप लेता है। उन्होंने नागरिकों से थ्री-आर सेंटरों का अधिक उपयोग करने और अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखने का आह्वान किया। नगर निगम की इन पहल के साथ शहर के प्रबुद्ध वर्ग, व्यापारी, चिकित्सक, शिक्षाविद और आम नागरिक एकजुट होकर स्वच्छता में जबलपुर को नंबर-1 बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

## रिंग रोड निर्माण में लगे श्रमिक की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** खमरिया थाना अतंर्गत ग्राम अमझर खमिरया में रिंग रोड निर्माण कार्य में रीवा से काम से आए श्रमिक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई।खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अमझर खमरिया में रिंग रोड का काम चल रहा है। यहां प्रदेश के विभिन्न हिस्सो से काम करने श्रमिक आए, उनमें से एक 20 वर्षीय सूरज सिंह राजपूत भी काम से आया था। कल रात को मैस से खाना लाकर खा रहे थे तभी सूरज सिंह अचानक उल्टी करने लगा। उसके साथ ही उसे तत्काल रांझी अस्पताल ले गए, जहां से उसे विक्टोरिया रिफर कर दिया गया। वहां से उसे मेडिकल भेज दिया गया। मेडिकल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि खाना खाते समय सूरज को उल्टी आने लगी एवं लम्बी लम्बी श्वांसे लेने लगा, कुछ बोल नहीं पा रहा था, पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा ।

## मुखबिरी के शक पर युवक पर चाकू से हमला
### गोहलपुर नर्मदानगर में वारदात, आरोपी फरार

**जबलपुर।** गोहलपुर थानातंर्गत नर्मदा नगर में ई-रिक्शा चार्जिंग पॉइंट संचालक पर चार बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। बताया गया है कि ई रिक्शा की बैटरी की चोरी की मुखबिरी के संदेह पर आरोपियों ने युवक पर उस वक्त हमला किया जब वह अपने ई-रिक्शा चार्जिंग पाइंट पर बैठा था। चाकू व डंडे के वार से युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में गोहलपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 36 वर्षीय रुपांशु कुशवाहा कल रात संस्कार परिसर स्थित अपने ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट पर बैठा था, तभी आरोपी विक्की पंडित, आकाश कोष्टा, सोम कोष्टा और एक अन्य आरोपी ने दुकान में घुसते ही रूपांशु को अभद्र गालियां देना शुरू कर दिया। बदमाशों ने आरोप लगाया कि उसने पुलिस को उनके खिलाफ ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने की खबर दी है और विक्की और आकाश ने चाकू से उस पर कई वार किए। वहीं दूसरी तरफ सोम और उसके साथी ने डंडे से उसकी अंधाधुंध पिटाई शुरू कर दी। आरोपियों को शक था कि रूपांशु ने ही उनके द्वारा किए गए बैटरी चोरी के मामले की जानकारी पुलिस को दी है। घायल रूपांशु को तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत अभी स्थिर है पर उसे कई जगह गंभीर चोटें आई हैं। गोहलपुर पुलिस ने आरोपियों विक्की पंडित, आकाश कोष्टा, सोम कोष्टा और एक अज्ञात युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 331(7), 109(1) और 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत गोसलपुर-सिहोरा रोड स्टेशन के बीच मोहतरा में ट्रेन से कटने पर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोसलपुर-सिहोरा रोड स्टेशन के बीच मोहतरा में ट्रेन से कटने पर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। अज्ञात व्यक्ति की उम्र 40 से 45 वर्ष की बताई गई है। रेलवे पाईंटसमैन उमाकांत पांडे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।





## 35 वर्ष पुराने ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया

**जबलपुर।** प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओ में शामिल सिंहस्थ -2028 के दौरान निर्बाध, विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत पारेषण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उज्जैन स्थित 220 केवी सबस्टेशन शंकरपुर में लगभग 35 वर्ष पुराने 220/132 केवी, 160 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर को हटाकर समान क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है।ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि सिंहस्थ जैसे विशाल अंतरराष्ट्रीय धार्मिक आयोजन के दौरान मजबूत और भरोसेमंद विद्युत व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुराने ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है, जिससे विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ आकस्मिक परिस्थितियों में भी विद्युत आपूर्ति बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर युवक से

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत राईट टाउन में शराब पीने से रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोमिन ईदगाह के पास गोहलपुर निवासी 36 वर्षीय मोहम्मद इरफान को वरुण उपाध्याय ने राईट टाउन स्थित शैंकी होटल बातचीत करने के लिए बुलवाया था। वह बातचीत करने रात करीब 9.30 बजे वह होटल के गेट के पास पहुंचा जहां वरुण उपाध्याय का चाचा पप्पू उपाध्याय मिला और उससे शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करने लगा, मना करने पर गालीगलौज व मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## लव मैरिज करने पर लड़की पक्ष ने लड़के को चाकू मारा

**जबलपुर।** थाना रांझी क्षेत्र में प्रेम विवाह के विवाद को लेकर बदमाशों ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोहनाका निवासी 23 वर्षीय मोहित चौधरी ने 18 वर्षीय राजनदंनी वंशकार से प्रेम विवाह किया है, जिसकी गुमशुदगी की शिकायत पहले से दर्ज थी। बताया गया कि थाना रांझी से कार्यवाही के बाद वह अपने परिवार के साथ ऑटो से लौट रहा था, तभी गन्ना गेट इंजीनियरिंग कॉलेज के पास राजनंदनी के पिता राकेश वंशकार, भाई हरीष वंशकार, चाचा सचिन वंशकार और रिश्तेदार राहुल वंशकार ने ऑटो रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान राहुल वंशकार ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे युवक के पैर और हाथ में गंभीर चोट आई। शोर सुनकर राहगीरों ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 126(2), 296(बी), 109, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हज 2026 के लिए तरबियत कैंप आयोजित, 90 हजयात्रियों ने लिया प्रशिक्षण

**जबलपुर।** हज 2026 की तैयारियों के तहत शहर में हजयात्रियों के लिए एक विशेष तरबियत (प्रशिक्षण) कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप अलमदीना ग्रुप और हाजी मुस्ताक (छिद्दी हाजी) की जानिब से ईदगाह रानीताल में आयोजित हुआ, जिसमें जबलपुर के लगभग 90 हजयात्रियों ने हिस्सा लिया।




कैंप में हजयात्रियों को हज से जुड़े तमाम जरूरी नियमों और प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सऊदी अरब के कानून, यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां और स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश भी समझाए गए। इस दौरान हाजियों को इहराम, तवाफ और सई जैसे हज के अहम अरकान के बारे में प्रैक्टिकल तरीके से मार्गदर्शन दिया गया। कैंप में हजयात्रियों को आवश्यक वैक्सीनेशन भी कराया गया।

इस मौके पर हाजी मोहम्मद फ़राज़, हाजी मोहम्मद जावेद अत्तारी, मौलाना जावेद अशकरी और ज़ाहिद भाई, गुलाम भाई समेत मुस्लिम समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार सभी हजयात्री 15 मई 2026 को जबलपुर से मुंबई के लिए रवाना होंगे, जहां से वे सऊदी अरब के लिए हज यात्रा पर प्रस्थान करेंगे। हाजी मोहम्मद फ़राज़ और हाजी अमर आलम हज यात्रा के दौरान हाजियों के साथ रहकर उनकी देखरेख करेंगे।आयोजकों ने सभी मुस्लिम भाइयों से अपील की है कि हज पर जाने वाले हाजियों की कामयाब और सुरक्षित यात्रा के लिए दुआ करें।

# 20 घंटे का सफाई महाअभियान
# शहर को नंबर-1 बनाने की तैयारी तेज

**जबलपुर।** शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में देश में अव्वल बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने सफाई व्यवस्था को और तेज करने का निर्णय लिया है। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वच्छता गतिविधियों को सुपरफास्ट मोड में संचालित करने के निर्देश दिए। अब शहर में सफाई अभियान प्रातः 6 बजे से रात्रि 2 बजे तक तीन शिफ्टों में लगातार 20 घंटे चलेगा, जिससे मुख्य मार्गों, बाजारों और रिहायशी इलाकों में निरंतर सफाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में महापौर ने स्पष्ट किया कि नगर निगम के पास संसाधनों, आधुनिक उपकरणों और धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर वार्ड में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें और कचरा हॉटस्पॉट्स की पहचान कर तत्काल समाधान करें। इस दौरान अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, उपायुक्त संभव अयाची, सहायक आयुक्त अंकिता बर्मन और सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्रत्येक शिफ्ट की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी तैनात रहेंगे। महापौर ने कहा कि जनभागीदारी से शहर में स्वच्छता का सकारात्मक माहौल बना है और नागरिकों के सहयोग से जबलपुर को नंबर-1 बनाने का लक्ष्य जल्द ही हासिल किया जाएगा।






**श्रीमती सुधा जैन-** गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री सुमीर चंद्र जैन की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा जैन (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती हीरा देवी मिश्रा-** त्रिमूर्ति नगर कृष्णा कॉलोनी निवासी श्री मथुरा प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा देवी मिश्रा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुरजीत कौर-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री सतवंत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सुरजीत कौर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रेमवती काछी-** कृष्णा कॉलोनी सुहागी निवासी श्री राम जियावन काछी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती काछी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उमा देवी पोरवाल-** सिविल लाइन जीएस कॉलेज के सामने निवासी श्री वंशीधर पोरवाल की धर्मपत्नी श्रीमती उमा देवी पोरवाल (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिवदीन अहिरवार-** भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री शिवदीन अहिरवार (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पुरूषोत्तम सिंगरहा-** गढ़ा सिंगरहाना मोहल्ला निवासी श्री पुरूषोत्तम सिंगरहा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार सैनी-** गोरैया प्लाट मदनमहल निवासी श्री अशोक कुमार सैनी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री उमाकांत दुबे-** वी 1 आईडियल एस्टेट गौरीघाट रोड निवासी श्री उमाकांत दुबे (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनीत विनोदिया-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री विनीत विनोदिया (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विवेक जाटव-** बिलहरी काली मंदिर के पास निवासी श्री हीरा लाल जाटव के पुत्र श्री विवेक जाटव (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप चौहटेल-** भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री सतीश चौहटेल के पुत्र श्री प्रदीप चौहटेल (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम लाल-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री श्याम लाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विवेक कुमार गोतेल-** कजरवारा वेयर हाउस के पास झारिया मोहल्ला निवासी श्री जीवन लाल गोतेल के पुत्र श्री विवेक कुमार गोतेल (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेंद्र अहिरवार-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री राजू अहिरवार के पुत्र श्री राजेंद्र अहिरवार (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री फागूराम ठाकुर-** बेलखेड़ा किसानी मोहल्ला निवासी श्री फागूराम ठाकुर (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 90/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | सें.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | सें.मी. | रंगीन | 900/- |
| फिक्स साइज | से मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160




# तय समय पर रिलीज होगी प्रभास की फिल्म स्पिरिट

**मुंबई।** प्रभास और तृप्ति डिमरी की अदाकारी से सजी फिल्म 'स्पिरिट' के मेकर्स ने साफ किया है कि यह फिल्म तय वक्त पर 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में खबरें आईं कि सलमान खान अपनी अगली फिल्म साउथ के मेकर्स के साथ बना रहे हैं। इसके निर्देशक दिल राजू होंगे। खबरें यह भी थीं कि सलमान खान अपने ट्रेंड को जारी रखते हुए इस फिल्म को अगले साल ईद के मौके पर रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर क्लैश से बचने के लिए 'स्पिरिट' के मेकर्स ने इसकी रिलीज 1 दिसंबर 2027 कर दी। हालांकि, अब मेकर्स ने साफ किया है कि 'स्पिरिट' 5 मार्च को ही रिलीज होगी।

## लाइफ Style



# रिद्धिमा

## सबसे बड़ा चैलेंज था कुछ नया शुरू करना

एजेंसी ▶▶ मुंबई

45 साल की रिद्धिमा कपूर साहनी, जो ऋषि कपूर और नीतू कपूर की बेटी हैं, अब अपनी पहली फिल्म 'दादी की शादी' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। खास बात यह है कि कपूर फैमिली में इतनी उम्र में डेब्यू करने वाली वह सबसे बड़ी सदस्य बन गई हैं।

यह डेब्यू उनके लिए काफी इमोशनल है, क्योंकि इस फिल्म में वह पहली बार अपनी बेटी समारा के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं। एक इंटरव्यू में रिद्धिमा ने बताया कि 45 साल की उम्र में पहली बार फिल्म के सेट पर कैमरे के सामने आना उनके लिए नया अनुभव था। उन्होंने अपनी बेटी समारा के छोटे से रोल के बारे में भी बात की। रिद्धिमा की शादी बिजनेसमैन भरत साहनी से हुई है और उनकी एक बेटी है। रिद्धिमा ने कहा, 'यह एहसास बहुत अलग और इमोशनल है। ऐसा लगता है जैसे जिंदगी का एक चक्र पूरा हो गया हो। मुझे पता है कि मेरे पापा हमेशा मेरे साथ हैं और हर फैसले में मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं। यह सोच मुझे बहुत हिम्मत और सुकून देती है। सच कहूं तो इस उम्र में कुछ नया शुरू करना सबसे बड़ा चैलेंज था। एक नई शुरुआत में थोड़ा डर भी होता है, लेकिन उतनी ही एक्साइटमेंट भी होती है।' रिद्धिमा ने यह भी बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने पहली बार अपनी बेटी को घर पर अकेला छोड़ा था। साल 2019 में न्यूयॉर्क में ऋषि कपूर के कैंसर इलाज के बाद यह पहला मौका था जब उन्होंने ऐसा किया। इस फिल्म में एक खास पल भी देखने को मिलेगा, जहां रिद्धिमा अपनी मां नीतू कपूर और बेटी समारा के साथ 'सेंटी' गाने में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला




# ब्लेक- जस्टिन के बीच सेटेलमेंट

**लॉस एंजिल्स।** अगस्त 2024 में हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इसके बाद से ही यह विवाद दुनियाभर में चर्चा में रहा। हालांकि, बीते 4 मई को दोनों कलाकारों ने इस मामले पर कोर्ट के बाहर सेटलमेंट कर लिया है। बीते दिनों ब्लेक और जस्टिन के बीच चल रहे इस कानूनी विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया।



# टॉम को है क्रोशिया का शौक जेंडाया के साथ करते हैं प्रैक्टिस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सेलेब्स जेंडाया और टॉम हॉलैंड काफी वक्त से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर इस कपल ने शादी रचा ली है। हालांकि, दोनों की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। शादी की अफवाहों के बीच टॉम हॉलैंड हाल ही में अपनी एक हॉबी के बारे में बात करते दिखे। दरअसल, उन्हें क्रोशिया का शौक है। उनका यह शौक अब पार्टनर जेंडाया को भी हो चला है और दोनों घर पर साथ में इसकी प्रैक्टिस करते हैं। टॉम हॉलैंड ने हाल ही में यह खुलासा किया कि वे और उनकी पार्टनर जेंडाया फुरसत के पलों में घर पर साथ में क्रोशिया करना पसंद करते हैं। टॉम हॉलैंड ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में आयोजित 'बेरो पैडल क्लासिक' इवेंट के दौरान इस बात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि क्रोशिया करने से उन्हें मानसिक शांति मिलती है और तनाव कम होता है।



# राकेश दिखाएंगे नोरा के साथ डांस मूव्स

**मुंबई।** धुरंधर में अपने अभिनय से सुर्खियां बटोरने वाले अभिनेता राकेश बेदी लगातार अपने आगामी प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। धुरंधर के दोनों पार्ट्स में अपने कॉमेडी टच से लोगों का दिल जीतने वाले राकेश बअब अपने डांस मूव्स दिखाने के लिए तैयार हैं। यही नहीं, वो आइटम डांस की क्वीन कही जाने वाली नोरा फतेही के साथ एक गाने पर कदमताल करते नजर आएंगे। अभिनेता ने नोरा के साथ शूटिंग करने की जानकारी देते हुए बीटीएस झलक दिखाई है। राकेश ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। इसमें उन्होंने बताया कि वो नोरा के साथ एक गाने की शूटिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बीटीएस झलक भी दिखाई। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम वीडियो की शुरुआत यह कहते हुए की, 'आज मैं भारत की सबसे बड़ी स्टार में से एक के साथ शूटिंग कर रहा हूं।



# शाहरुख को दिया मेट गाला में डेब्यू का श्रेय

**मुंबई।** 78वें मेट गाला में निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने अपना डेब्यू किया। इसके साथ ही करण इस इवेंट में शामिल होने वाले पहले भारतीय फिल्ममेकर भी बन गए। मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए हुए आउटफिट में करण ने राजा रवि वर्मा की विरासत को दर्शाया। करण के लुक की काफी चर्चा भी रही। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय करण ने अपने दोस्त और सुपरस्टार शाहरुख खान को दिया। शाहरुख ने पिछले साल ही मेट गाला में अपना डेब्यू किया था। साथ ही करण ने शाहरुख के साथ अपनी पक्की दोस्ती पर भी बात की। इवेंट के दौरान बातचीत में करण जौहर से शाहरुख खान के साथ उनके करीबी संबंध और दोस्ती के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए तो ये बहुत भावुक पल है। शाहरुख खान मेरे कॅरियर का एक अहम हिस्सा हैं।

## टीवी मसाला




# लॉक अप 2 में गोविंदा की पत्नी सुनीता बनीं पहली कंटेस्टेंट..!

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत का होस्ट किया गया शो 'लॉक अप' अपने दूसरे सीजन के साथ लौटने के लिए तैयार है। शो के कंटेस्टेंट्स में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा का नाम भी आ रहा है। साथ ही, होस्ट को लेकर भी कुछ बदलाव किए गए हैं। अगर इंडस्ट्री की खबरों पर यकीन करें तो एक्टर गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा रियलिटी शो में डेब्यू करने की तैयारी में हैं। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें 'लॉक अप' के दूसरे सीजन के लिए संपर्क किया गया है और उन्हें फाइनल भी कर लिया गया है। यह शो इस बार नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने की उम्मीद है। आगामी सीजन की शूटिंग जल्द ही शुरू होने की संभावना है, जो सुनीता का रियलिटी टेलीविजन में एक कंटेस्टेंट के तौर पर पहला अनुभव होगा। खबरों की मानें तो उन्होंने शो के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। हालांकि, सुनीता से इस बारे में कोई बयान नहीं दिया है। जो लोग इस शो से परिचित नहीं हैं, उनके लिए बता दें कि 'लॉक अप' एकता कपूर का बनाया गया एक हाई-ड्रामा रियलिटी शो है, जिसमें विवादित कंटेस्टेंट्स को एक साथ जेल में बंद कर दिया जाता है और उनसे निजी राज उजागर करने, टास्क पूरे करने और एलिमिनेशन से बचने के लिए कहा जाता है। कंगना रनौत के होस्ट किए गए पहले सीजन में मुनव्वर फारूकी विनर बने थे और यह एकता के अब बंद हो चुके स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म **ALTBalaji** पर प्रसारित हुआ था।

## तान्या ने शुरू की सीरियल की शूटिंग

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' फेम तान्या मित्तल इन दिनों खूब चर्चा में हैं। सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में हिस्सा लेने के दौरान, एकता कपूर ने उन्हें अपने आगामी टीवी शो में



एक रोल ऑफर किया था। शो खत्म होने के बाद, तान्या मुंबई में एकता के घर गईं और उन्होंने पुष्टि की कि वे जल्द ही साथ मिलकर काम करेंगी। अब, उनके फैंस की खुशी के लिए, तान्या ने आखिरकार बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ अपने पहले शो की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वैनिटी वैन से एक वीडियो शेयर करते हुए अपडेट दिया है। तान्या मित्तल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पर वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने शो की शूटिंग शुरू होने पर अपने फैंस के साथ वैनिटी वैन से मैसेज दिया। उन्होंने कहा, 'आखिरकार, बालाजी और हूनर के साथ मेरे पहले शो की शूटिंग शुरू हो गई है।

# इम्तियाज की फिल्म से टकराएगी कंगना अभिनीत भारत भाग्य विधाता

**मुंबई।** कंगना रनौत बीते कुछ दिनों से फिल्मों से ज्यादा राजनीति में सक्रिय हैं। लेकिन, अब उनके फैंस का इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। कंगना रनौत की आने वाली फिल्म का नाम 'भारत भाग्य विधाता' है। मेकर्स ने इसका पोस्टर जारी कर रिलीज डेट का खुलासा किया है। भारत भाग्य विधाता 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इसका मुकाबला इम्तियाज अली की आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' से होगा। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित 'मैं वापस आऊंगा' एक लव स्टोरी है। 'मैं वापस आऊंगा' भी 12 जून को रिलीज होगी, जिसमें दिलजीत दोसांझ, शरवरी वाघ और वेदांग रैना प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



भारत भाग्य विधाता के मेकर्स ने पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'एक साधारण लोगों की असाधारण कहानी! वो रात, जब इंसानियत डर से भी बड़ी बनकर सामने आई। जब जिम्मेदारी ने बलिदान का रूप लिया, जब एकता ने कर्तव्य निभाया और जब हिम्मत ने कई जिंदगियां बचाईं। भारत के असली हीरोज की अनकही कहानी। फिल्म भारत के उन हीरोज की कहानी बताएगी, जो अनसुनी है। फिल्म में कंगना रनौत लीड रोल में नजर आएंगी। इसे मणिकर्णिका फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है। इसके लेखक और निर्देशक मनोज तापड़िया हैं।

# अमिताभ की ये पांच कॉमेडी फिल्में हैं मस्ट वॉच

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन को 'एंग्री यंग मैन' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपने कॅरियर में कई ऐसी फिल्में कीं जहां वो गंभीर किरदार निभाते नजर आए। अपने गंभीर किरदारों में अमिताभ बच्चन को खूब पसंद किया गया। पर 'एंग्री यंग मैन' ने अपने करियर में कुछ कॉमेडी रोल्स भी निभाए जिन्हें दर्शकों ने उतना ही प्यार दिया। आज हम आपको अमिताभ बच्चन की 5 बेस्ट कॉमेडी फिल्मों के नाम बता रहे हैं। अगर आपने ये फिल्में नहीं देखी हैं तो आपको जरूर देखनी चाहिए।



***चुपके चुपके*** : लिस्ट में सबसे पहले अमिताभ बच्चन की फिल्म चुपके चुपके का नाम है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र और शर्मिला टैगोर नजर आई थीं। इस फिल्म को हृषिकेश मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.3 है। अगर आप ये फिल्म देखना चाहते हैं तो जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। चुपके चुपके एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है।

***सत्ते पर सत्ता*** : लिस्ट में दूसरा नंबर अमिताभ बच्चन की साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म सत्ते पर सत्ता का है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ हेमा मालिनी नजर आई थीं। इस फिल्म में अमजद खान भी नजर आए थे। सत्ते पर सत्ता एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.2 है। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। सत्ते पर सत्ता को राज एन सिप्पी ने डायरेक्ट किया था।

***नमक हलाल*** : लिस्ट में तीसरे नंबर पर साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म नमक हलाल है। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ शशि कपूर, वहीदा रहमान और स्मिता पाटिल जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा है। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.2 है। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। फिल्म को प्रकाश मेहरा ने डायरेक्ट किया है।

***हेरा फेरी*** : लिस्ट में चौथे नंबर पर अमिताभ बच्चन और विनोद खन्ना की हेरा फेरी है। फिल्म को प्रकाश मेहरा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.6 है। यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। फिल्म साल 1976 में रिलीज हुई थी। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

***बड़े मियां छोटे मियां*** : लिस्ट में पांचवे नंबर पर 1998 में आई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां है। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ गोविंदा नजर आए थे। अमिताभ और गोविंदा, दोनों का इस फिल्म में डबल रोल था। फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 5.9 है। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर फ्री में देख सकते हैं।

## मेट गाला 2026 में इस बार सेलेब्स के आउटफिट्स में 'कला' की देखने को मिली झलक

# हेइडी क्लम से लेकर जेना ओर्टेगा तक, बॉलीवुड से प्रेरित रहा इन सेलेब्स का लुक

*मुंबई। मेट गाला 2026 में इस बार सेलेब्स के आउटफिट्स में 'कला' की झलक देखने को मिली। मगर कई रेड कारपेट अपीयरेंस ऐसे भी थे जिनकी तुलना फैंस ने बॉलीवुड एक्टर्स के लुक से कर दी। हेइडी क्लम के लुक से लेकर कैटी पेरी के मास्क तक इवेंट में भारतीय फैंस को सब कुछ बॉलीवुड से इंस्पायर्ड लगा। कुछ यूजर्स ने इसके शानदार कनेक्शन भी निकाले।*



### हेइडी और ऋतिक

हेइडी क्लम, मेट गाला इवेंट में लाइव स्टैच्यू बनकर पहुंचीं। संगमरमर की मूर्ति जैसा उनक यह लुक देखकर फैंस को ऋतिक रौशन की याद आ गई। फिल्म 'धूम 2' के एक सीन में ऋतिक ने म्यूजियम से हीरा चुराने के लिए खुद को इसी तरह मूर्ति के रूप में ढाला था।

### कैटी और राज

कैटी पेरी के मास्क वाले लुक की मेट गाला 2026 में खूब चर्चा रही। स्टेला मैककार्टनी के डिजाइन किए हुए गाउन और फेंसिंग से प्रेरित मास्क में पहुंचीं कैटी का यह लुक इवेंट में चर्चा का विषय रहा। फैंस ने इसकी तुलना शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के स्टाइलिश मास्क लुक से की।

### जॉर्डन और विक्रम बेताल

निर्माता जॉर्डन रोथ ने मेट गाला 2026 के लिए मानव आकृति से जुड़ा डिजाइन चुना। उन्होंने एक मूर्तिकलानुमा ड्रेस पहनी जिसमें उन्होंने अपनी पीठ पर एक और शख्स को लदा दिखाया। फैंस ने उनका यह लुक अरुण गोविल के शो 'विक्रम बेताल' से इंस्पायर्ड बताया।

### कॉनर और रणवीर

कॉनर स्टोरी ने एंथनी वैकारेलो द्वारा डिजाइन किए गए सेंट लॉरेंट आउटफिट को मेट गाला के रेड कार्पेट के लिए फाइनल किया। टोरी ने अपने लुक में ब्लैक सूट के साथ एक लहराता हुआ पोल्का-डॉट स्कार्फ पेयर किया। उनके इस लुक की तुलना रणवीर सिंह के एक पुराने लुक से की गई। इसमें रणवीर भी पोल्का डॉट प्रिंट शर्ट में नजर आए।



### हैली और दीपिका

जस्टिन बीबर की पत्नी हैली बीबर ने भी मेट गाला में शिरकत की। उन्होंने गोल्डन टॉप के साथ नेवी ब्लू स्कर्ट मैच की और साथ ही नेवी ब्लू स्कैंडिनेवियाई स्कार्फ कैरी किया। उनके इस अंदाज की तुलना फैंस ने दीपिका पादुकोण से की। इस लुक को देखकर फैंस को दीपिका की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' के 'बदतमीज दिल' से उनका लुक याद आ गया।

## कलेक्टर का सघन दौरा

# खरीदी केंद्र से लेकर उद्योग और राजस्व कार्यालयों का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** जिले में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शहपुरा-चरगवां क्षेत्र का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गेहूं खरीदी केंद्रों, औद्योगिक क्षेत्र, निर्माणाधीन स्कूल और उप तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने चरगवां क्षेत्र के एमएस वेयरहाउस सेमरा और सांवरिया जी एग्रो वेयरहाउस स्थित गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने गेहूं की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया, मॉइश्चर माप और तौल कांटों का भौतिक सत्यापन कराया।

उन्होंने बारदाने की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति भी देखी। किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

सेमरा केंद्र पर सर्वेयर का काम संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उसे हटाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए, लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी।



### औद्योगिक क्षेत्र और सांदीपनि विद्यालय का किया निरीक्षण

दौरे के दौरान कलेक्टर उमरिया-डुंगरिया औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे और वहां संचालित जावी मेडिकेयर इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया। उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया, मैनपावर, क्षमता और उत्पादों की बिक्री व निर्यात की जानकारी ली।इसके बाद उन्होंने चरगवां में निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण गुणवत्ता की जांच की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि काम समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

### राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने उप तहसील कार्यालय चरगवां का भी औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सीमांकन, नामांकन, बंटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने अधिकारियों से लंबित मामलों के कारण पूछे और निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। खासतौर पर सीमांकन मामलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

### अधिकारियों को सख्त संदेश

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने साफ कहा कि किसी भी शासकीय कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चाहे वह खरीदी केंद्र हो, निर्माण कार्य या राजस्व मामले हर जगह पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना जरूरी है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।



## स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त ने आगा चौक गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों पर शहर को अव्वल बनाने के संकल्प के साथ निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा निरंतर मैदानी निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज निगमायुक्त श्री अहिरवार ने आग चौक स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पहुंचकर स्वच्छता व्यवस्थाओं एवं कचरा प्रबंधन की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया।

### सफाई मित्रों से संवाद और उत्साहवर्धन

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने वहां तैनात समस्त फील्ड कर्मचारियों और सफाई मित्रों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और बेहतर कार्य निष्पादन के लिए उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमारे फील्ड कर्मचारी इस मुहिम के सबसे महत्वपूर्ण योद्धा हैं।निगमायुक्त ने गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर कचरे के एकत्रीकरण और उसके वैज्ञानिक निष्पादन की प्रक्रिया की समीक्षा की। कचरा परिवहन में लगे वाहनों की स्थिति और उनके फेरों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि शहर के किसी भी बिंदु पर कचरा जमा न रहे और जीरो वेस्ट की अवधारणा पर कार्य किया जाए। निरीक्षण के पश्चात निगमायुक्त श्री अहिरवार ने विश्वास व्यक्त किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए शहर पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सक्रियता और जनभागीदारी से ही शहर को स्वच्छता में नम्बर वन बनाया जा सकता है।



## मास्टर संघ कराटे एकेडमी के 28 खिलाड़ियों ने 19 मेडल जीते

**जबलपुर।** मास्टर संघ कराटे एकेडमी के अध्यक्ष महेंद्र सोनकर ने बताया कि हाल ही में मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 01 मई से 3 मई तक आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जबलपुर के मास्टर संघ कराटे एकेडमी के 28 खिलाड़ियों ने 19 मेडल जीते जिसमें 11 गोल्ड, 2 सिल्वर, 6 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।गोल्ड मेडलिस्ट- अभियान्श मेश्राम, आदविक खरे, अरनव घोष, उर्वी मोहलनिया, नैहल शर्मा, काव्या पटेल, सिद्धि जैन, कैरवी शाह, आसिता घोष, मायरा सरकार। सिल्वर मेडलिस्ट- धैर्य ठाकुर, सिद्धि जैन। ब्रांज मेडलिस्ट अभिज्ञान मेश्राम, श्यामुल दास, पोषा मोहल्लेनिया, आशना अग्रवाल, ख्वाहिश लोधी, गौरव श्रीपाल, टीम के कोच की भूमिका भगवान दास और विकास सैनी ने निभाई। खिलाड़ियों की उपलब्धियां पर मास्टर संघ एकेडमी के अध्यक्ष महेन्द्र सोनकर एवं सदस्य करन सोनकर, अंकित सोनकर, सोना काछी, संजय जैन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## जीआरपी ने पकड़ा शातिर बदमाश, जिसके कब्जे से मोबाइल एवं जेवरात जब्त

**जबलपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक रेल सिमाला प्रसाद जबलपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक रेल अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जीआरपी जबलपुर द्वारा जीआरपी थाना जबलपुर के क्षेत्र अंतर्गत हो रहे अपराधों की रोकथाम हेतु टीम गठित कर गर्मियों की भीड़भाड़ में हो रहे अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष चैकिंग चलाई जा रही है। चैकिंग के दौरान दिनाँक 05/05/2026 को प्लेटफार्म नं.-1 इटारसी छोर रेलवे स्टेशन जबलपुर आउटर पर एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में पटरी पार करते हुये मिला जिसे मौके पर उपस्थित साक्षियों के समक्ष पकड़ा गया व स्टेशन आने का उचित कारण पूछने पर टालमटोली करने लगा, संदेह होने पर साक्षियों व स्टाफ की मदद से पकड़कर थाना लाकर पूछताछ की गई जिसने अपना नाम जितेंद्र झारिया निवासी मझौली खबरा का रहने वाला बताया, सख्ती से पूछताछ की गई तो दिनांक 04/05/2026 को सुबह के समय ट्रेन अमरकंटक एक्सप्रेस के एसी डिब्बे से एक लेडिस पर्स चोरी करना स्वीकार किया व चोरी किये लेडिस पर्स में मिले हुये चांदी की पायल, एक मोबाइल व 500 रूपये नगदी कुल कीमती 12500 रूपये का जेब से निकालकर पेश किया, जो मामले का मसरूका होने से जप्त किया जाकर आरोपी थाना हाजा का पूर्व अपराधी होने से आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में जीआरपी थाना जबलपुर SHO संजीवनी राजपूत के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक संतोष कुशवाहा, आर. प्रमोद गुप्ता का विशेष योगदान रहा। पुलिस उप महानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों को नगद पुरस्कार से पुरष्कृत करने की घोषणा की गई है।



## दीपक सिंह राजपूत ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया पद से इस्तीफा दिया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी समाज कल्याण प्रकोष्ठ के वर्तमान प्रदेश महासचिव दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू ब्लॉक में मुझे ब्लॉक का सोशल मीडिया प्रभारी मेरी बिना स्वीकृति के बनाया गया, यह पद मेरी योग्यता के अनुरूप नहीं है, इसलिए मैं अपना इस्तीफा मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मप्र कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी को प्रेषित कर रहा हूँ। दीपक सिंह ने बताया कि मैं कांग्रेस में लगातार 25 वर्षों से आज तक कार्य रहा हूँ, मैं कांग्रेस का कर्मठ सिपाही हूँ और सदा रहूंगा, मेरी आस्था कांग्रेस और गांधी परिवार के प्रति है। मैं अपनी बात कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के समक्ष उचित फोरम पर रखूंगा, लेकिन कांग्रेस पार्टी के लिए आजीवन कार्य करता रहूंगा।

## "तत्वबोध का अध्ययन" उद्घाटन कार्यक्रम 8 को

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय चिन्मय मिशन के संस्थापक स्वामी चिन्मयानंद के जन्मदिवस पर 08 मई शुक्रवार से श्री राममंदिर गुप्तेश्वर रोड मदन महल में आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथ "तत्व बोध" के अध्ययन कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है। वेदांत की अध्ययन परंपरा में प्रथम प्रकरण ग्रंथ तत्वबोध का विधिवत अध्ययन प्रत्येक शनिवार एवं रविदार को लगभग दो माह तक चलेगा। मुख्य रूप से "अहम" तत्व, "जगत की रचना" और "जीवन तथा जगत के साथ ईश्वर के संबंध" पर इन कक्षाओं में विवेचन किया जाएगा। सम्पूर्ण अध्ययन हितेश चैतन्य (डॉ. राजेश कुमार पांडेय) के सान्निध्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम संयोजक दीपक बिरमानी, अतुल तिवारी, सचिन डोंगरे ने जिज्ञासुओं से उपस्थिति का आग्रह किया है।



## जैतवन बुद्ध विहार में वैशाख पूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाई गई

**जबलपुर।** जैतवन बुद्ध विहार बड़ा पत्थर रांझी के तत्वावधान में विश्वगुरु सिद्धार्थ, शाक्यमुनि, तथागत गौतम बुद्ध की 2570वीं त्रिगुण पावन पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक शेण्डे (राष्ट्रीय महासचिव, ऑल इंडिया समता सैनिक दल) ने विश्वगुरु गौतम बुद्ध के छायाचित्र पर मोमबत्ती एवं अगरबत्ती प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए। विशिष्ट अतिथि ममता टेम्भूर्णे ने गौतम बद्ध प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। विशिष्ट अतिथि वामन ठोके तथा कार्यक्रम अध्यक्ष संतोष अतुलकर ने ने विश्वरत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम अध्यक्ष संतोष अतुलकर ने उपासक एवं उपासिकाओं को विश्वगुरु गौतम बुद्ध की 2570वीं जयंती की मंगलकामनाएं दी। अंत में उपासक एवं उपासिकाओं को खीर का प्रसाद दिया गया। इस अवसर पर धम्म सेवा मंडल के चन्द्रकला ठोके, स्मिता ओहल, उत्तम गायकवाड़, रवि शेंडे, नरेन्द्र मेश्राम, अक्षय मौर्य, दिलीप घोघरे, अमोल कांबले, वीरेन्द्र बौद्ध एवं समस्त बुद्ध विहार के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की कार्यकारिणी गठित



**जबलपुर।** सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ महाकौशल क्षेत्रीय समिति जबलपुर के अध्यक्ष इंजी. आरपी चौबे (न.घा.वि.वि.), सचिव इंजी. पीके दीक्षित (लो.नि.वि.), कोषाध्यक्ष इंजी. डीके साहू (लो.स्वा.यॉं.वि.) द्वारा सर्वसम्मति से संघ के नियमानुसार क्षेत्रीय समिति जबलपुर की कार्यकारिणी का गठन/ मनोनयन इं. उमेश दुबे, प्रांताध्यक्ष की सहमति से किया जाता है। इं. सीएल विश्वकर्मा (न.घा.वि.वि.) इं. आर के पचौरी (ज.सं.वि.नरसिंहपुर) वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इं. शरद कुमार गुप्ता (लो.स्वा.यॉं.वि.), इं. मनीष बाजपेयी (न.घा.वि.वि.मंडला) उपाध्यक्ष, इं. केएस ठाकुर (ज.सं.वि.), इं. निर्मल कुमार जैन (न.घा.वि.वि.), इं. पीएल कुर्मी (न.घा.वि.वि.), इं. शरद कुमार श्रीवास्तव (ज सं वि नरसिंहपुर), इं. एके गुप्ता (लो.स्वा.यॉं.वि.कटनी), सहसचिव, इं. आरके यादव (न.घा.वि.वि.), इं. एनके ढिमोले (ज.सं.वि), इं. बीपी पटेल (न.घा.वि.वि.), इं. सुशील कुमार दुबे (लो.नि.वि.कटनी) क्षेत्रीय संगठक, इं. एमएम दुबे (लो.स्वा.यॉं.वि.), इं. बीडी साहू (लो.नि.वि.), इं. एके चतुर्वेदी (ज.सं.वि.), इं. पीएल स्वर्णकार (न.घा.वि.वि.), इं. केके गुप्ता (ग्रा.यॉं.से.वि.) इं. रविशंकर पाण्डे (ज.सं.वि.), इं. पीएस ठाकुर (ग्रा.यॉं.से.वि.कटनी), इं. एए अंसारी, (ज सं वि) इं. सुदीप कुमार सेठी (न.घा.वि.वि.) कार्यकारिणी सदस्य, इं. आरपी रघुवंशी (ज.सं.वि.), इं. पीसी जैन (न.घा.वि.वि.), इं. एसके रावत (लो.नि.वि.) इं. बीडी राय (लो.स्वा.यॉं.वि) विशेष आमंत्रित सदस्य, का मनोनयन किया गया है एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर इंजीनियर आरपी चौबे ने सभी पदाधिकारियों से पेंशनर्स के हितों की रक्षा हेतु शीघ्र कार्य करने हेतु निवेदन किया है, सेवानिवृत्त सदस्यों के विभागों में एवं पेंशन कार्यालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु शासन एवं प्रशासन से सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र निराकरण हेतु निवेदन किया है।

## कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया महिला विंग ने दी मृतकों को श्रद्धांजलि




**जबलपुर।** स्थानीय रसल चौक स्थित अरिहंत होटल के सामने CAIT (कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) महिला विंग द्वारा बरगी डैम में हुए दर्दनाक हादसे के शिकार लोगों की शांति के लिए बुधवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला विंग की पदाधिकारियों और सदस्यों ने मोमबत्ती जलाकर एवं मौन धारण कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस श्रद्धांजलि सभा का आयोजन CAIT महिला विंग की नेशनल कन्वीनर सीमा सिंह चौहान के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नम्रता भाटिया, उपाध्यक्ष प्रतिभा जैन, सचिव दिव्या डोडेजा, संभागीय समन्वयक पूनम चौहान और कार्यकारी निदेशक मनजीत चुक्कल प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। शोक व्यक्त करते हुए सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। कार्यकारिणी सदस्य प्रिया उज्जवल सिंह, शुभांगी शुक्ला, सपना जैन, नंदिनी भारिल, शिल्पा जैन, सीमा गोयल, रम्मी शर्मा, श्रुति प्यासी, स्वाति अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, भावना अग्रवाल और शिखा गर्ग ने भी इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। रसल चौक पर एकत्रित होकर समाज को एकजुटता का संदेश दिया गया, मृतकों के परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई, उपस्थित सदस्यों ने सुरक्षा मानकों और जागरूकता पर भी विचार साझा किए।

## प्रदेश के सबसे सस्ते दर पर स्वीमिंग सिखाने पूल का महापौर ने किया शुभारंभ

# नागरिकों और शहर के तैराकों के लिए चालू हुआ भंवरताल का सर्वसुविधायुक्त स्वीमिंग पूल

## स्वीमिंग पूल में सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में गार्ड की है व्यवस्था

### अधिकारियों और ठेकेदार को तैराकों के साथ सौम्य व्यवहार और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तत्पर रहने महापौर ने अधिकारियों को दिये कड़े निर्देश

**जबलपुर।** नगर निगम ने भंवरताल स्वीमिंग पूल को प्रदेश की सबसे सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया है, ताकि शहर का हर नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा सके। इसे सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है, जिसमें पानी की सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। सर्वसुविधायुक्त स्वीमिंग पूल का शुभारंभ 06 मई 2025 को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने किया। इस अवसर पर उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, रजनी कैलाश साहू, पार्षद सोनिया रंजीत सिंह, प्रतिभा भापकर, वर्षा मनोज सेन, आयुक्त आयुक्त ... बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।



### सुरक्षा व्यवस्था और कड़े निर्देश

तैराकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम ने पर्याप्त संख्या में लाइफ गार्ड्स और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की है। महापौर ने इस संबंध में अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि तैराकों के साथ व्यवहार सौम्य और मददगार होना चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आपातकालीन स्थिति के लिए स्टाफ को हमेशा तत्पर रहना होगा। पुरुष और महिला तैराकों के लिए अलग-अलग कोच की व्यवस्था की गई है। सुबह और शाम के अलग-अलग बैच निर्धारित किए गए हैं, जिसमें महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष समय सुरक्षित रखा गया है। नागरिक नगर निगम के निर्धारित काउंटर से अपनी सदस्यता या दैनिक पास प्राप्त कर सकते हैं। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पूल के आस-पास साफ-सफाई और अनुशासन बनाए रखने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए।

**नाम सुधार सूचना**

मैं राजकुमार नोआ पिता देवासहायम नोआ निवासी- 56, वैशाली परिसर, नर्मदा नगर, ग्वारीघाट रोड, पोलीपाथर, जबलपुर म.प्र. सत्य निष्ठा पूर्वक कथन करता हूं कि - 1. यह कि मैं उपरोक्त पते की मूल निवासी हूं। 2. यह कि मुझ शपथकर्ता के पिता का नाम पासपोर्ट में DEVASYAM NOAH लिखा हुआ है जो कि गलत है मेरे पिता का सही नाम DEVASAHAY NOAH है सही है। 3. यह कि मेरे पिता का पासपोर्ट में DEVASAYAM NOAH की जगह DEVASAHAYAM NOAH लिखने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

दिनांक - 6.5.2026

**नाम सुधार सूचना**

मैं राजकुमार नोआ पिता देवासहायम नोआ निवासी- 56, वैशाली परिसर, नर्मदा नगर, ग्वारीघाट रोड, पोलीपाथर, जबलपुर म.प्र. सत्य निष्ठा पूर्वक कथन करता हूं कि - 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूं। 2. यह कि मुझ शपथकर्ता के पीपीओ में मेरी पत्नि का नाम SHANKARI NOAH लिखा हुआ है जो कि गलत है। 3. यह कि मेरी पत्नि का सही नाम SHANKARI RAJ KUMAR NOAH है। जो कि मेरी पत्नि के आधार कार्ड, पेन, वोटर आईडी में SHANKARI RAJ KUMAR NOAH सही नाम लिखा हुआ है। जिस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है।

दिनांक - 6.5.2026

**नाम सुधार सूचना**

मैं शंकरी राज कुमार नोआ पति राजकुमार नोआ निवासी- 56, वैशाली परिसर, नर्मदा नगर, ग्वारीघाट रोड, पोलीपाथर, जबलपुर म.प्र. सत्य निष्ठा पूर्वक कथन करती हूं कि - 1. यह कि मैं उपरोक्त पते की मूल निवासी हूं। 2. यह कि मुझ शपथकर्ती के पासपोर्ट में SHANKARI NOAH लिखा हुआ है जो कि गलत है। मेरा सही नाम SHANKARI RAJ KUMAR NOAH है जो सही है। जो कि आधार कार्ड में सही लिखा है। 3. यह कि मेरे पासपोर्ट में SHANKARI NOAH की जगह SHANKARI RAJ KUMAR NOAH लिखने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

दिनांक - 6.5.2026

**CHANG OF NAME**

I, Was Known As **Nishi Varma** I, Have Changed The Spelling Ofmy Surname And Hence Forth I, Shall Be Known As Nishi Verma W/o Nitin Verma Resident Of P/67-a, Professor Colony, karmeta,jabalpur,M.P., Pin-482002

Jabalpur- Dated- 07.05.2026

**CHANG OF NAME**

I, Was Known As **Nitin Varma** I, Have Changed The Spelling Of My Surname And Hence Forth I, Shall Be Known As Nitin Verma S/o Prakash Chandra Varma Resident Of P/67-a,professor Colony,karmeta,jabalpur, M.P.,Pin-482002

Jabalpur- Dated- 07.05.2026

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 1575/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गणेश तिवारी पिता बाबूलाल तिवारी, निवासी 488/1 घमापुर हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा ग्राम कजरवारा प.ह.नं. 10, नं.ब....., ख.नं. 23/09, रकबा 0.0220हे. हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि आवेदक के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनॉंक 29/04/2026 को जारी।

जारी दिनांक-29/04/2026
पेशी दिनांक-13/05/2026

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
रांझी,जबलपुर